आकाशवाणी मध्यप्रदेश

प्रादेशिक समाचार

दिनांक : 19.05.2026 समय : 07.10PM

मुख्य समाचार :-

- **प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने** ओस्लो में आयोजित तीसरे भारत-नॉर्डिक शिखर सम्मेलन में की शिरकत ।
- केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की अध्यक्षता में बस्तर में मध्य क्षेत्रीय परिषद की बैठक, चार राज्यों के मुख्यमंत्री रहे मौजूद।
- सुप्रीम कोर्ट ने पहली बार दी रेबीज और खतरनाक कुत्तों को मौत का इंजेक्शन देने की अनुमति ।
- प्रदेश में भीषण गर्मी का कहर जारी, 22 शहरों में तापमान 44 के पार, अगले तीन दिन और बढ़ेगी गर्मी ।

**प्रधानमंत्री-दौरा**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नॉर्वे की राजधानी ओस्लो में तीसरे भारत-नॉर्डिक शिखर सम्मेलन में हिस्सा लिया। इस दौरान उन्होंने कहा कि लोकतंत्र और कानून के सम्मान के नजरिए से भारत और नॉर्डिक देश स्वाभाविक साझेदार हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि पिछले एक दशक में नॉर्डिक देशों से भारत में निवेश बढ़ा है। सम्मेलन से पहले श्री मोदी ने डेनमार्क, फिनलैंड और आइसलैंड के प्रधानमंत्रियों से अलग-अलग मुलाकात भी की। पांच देशों के दौरे पर निकले प्रधानमंत्री यूएई, नीदरलैंड और स्वीडन के बाद नॉर्वे पहुंचे थे। अब श्री मोदी 20 मई तक इटली की आधिकारिक यात्रा पर रहेंगे।

**मध्य क्षेत्रीय परिषद-बैठक**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने आज छत्तीसगढ़ के बस्तर में मध्य क्षेत्रीय परिषद की 26वीं बैठक में शिरकत की। इस बैठक की अध्यक्षता केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने की। छत्तीसगढ़ सरकार इस बैठक की मेजबानी कर रही है। बैठक में डॉ. मोहन यादव के साथ उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी और छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने भी हिस्सा लिया। इस बैठक का मकसद केंद्र और राज्यों के बीच आपसी मुद्दों को मिल-बैठकर सुलझाना है।

**बस्तर में अमित शाह**

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा है कि अगले पांच साल में बस्तर देश का सबसे विकसित जनजातीय संभाग बन जाएगा। जगदलपुर में मीडिया से बात करते हुए उन्होंने कहा कि 2031 तक बस्तर के लोगों की आमदनी छह गुना बढ़ाने का लक्ष्य है। श्री शाह ने कहा कि नक्सलमुक्त बस्तर में 200 सुरक्षा शिविरों में से 70 को "शहीद वीर

गुण्डाधूर सेवा डेरा" में बदला जाएगा, जहां बैंकिंग, स्कूल, कौशल प्रशिक्षण और वनोपज प्रसंस्करण जैसी सुविधाएं मिलेंगी।

**सुप्रीम कोर्ट-रेबीज इंजेक्शन**

सुप्रीम कोर्ट ने पहली बार रेबीज से संक्रमित, लाइलाज बीमारी से ग्रस्त या अत्यधिक खतरनाक कुत्तों को मौत का इंजेक्शन देने की अनुमति दी है। कोर्ट ने कहा कि जहां कुत्तों की संख्या खतरनाक स्तर तक पहुंच गई हो और लगातार हमलों से जनसुरक्षा खतरे में हो, वहां यह कदम उठाया जा सकता है। न्यायमूर्ति विक्रम नाथ की अध्यक्षता वाली तीन सदस्यीय पीठ ने लावारिस कुत्तों की बढ़ती समस्या पर कई निर्देश भी जारी किए। साथ ही कोर्ट ने कुत्तों की नसबंदी और आश्रय स्थल भेजने के पुराने आदेश को वापस लेने की मांग वाली याचिकाएं भी खारिज कर दी हैं।

**MP ट्रांसको- अलग पहचान**

प्रदेश ने ऊर्जा क्षेत्र में एक और उपलब्धि हासिल की है। एमपी ट्रांसको ने वित्त वर्ष 2025-26 में ट्रांसमिशन लॉस को 2.60 प्रतिशत पर बनाए रखा है, जबकि नियामक आयोग का लक्ष्य 2.75 प्रतिशत था। ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने बताया कि बढ़ती बिजली मांग और सौर ऊर्जा के बड़े पैमाने पर ग्रिड में जुड़ने जैसी चुनौतियों के बावजूद यह कामयाबी हासिल की गई।

**भोजशाला -महोत्सव**

हाईकोर्ट के फैसले के बाद धार की भोजशाला में आज महासत्याग्रह और महाविजय महोत्सव मनाया गया। मां वाग्देवी की महाआरती, हवन और अखंड ज्योति स्थापना के साथ श्रद्धालुओं ने जश्न मनाया। पूरा परिसर में बसंत पंचमी जैसा माहौल नजर आया। श्रद्धालुओं की मांग है कि मां वाग्देवी की मूल प्रतिमा को लंदन से वापस लाकर यहां स्थापित किया जाए।

**बस सेवा**

जनजातीय कार्य मंत्री डॉ. कुंवर विजय शाह ने आज भोपाल के आदि भवन में जनजातीय गरिमा उत्सव कार्यशाला को संबोधित किया। उन्होंने बताया कि जनजाति अंचल की बच्चियां सुविधाओं के अभाव में उच्च शिक्षा छोड़ देती थीं। इसे देखते हुए उन्होंने अपने विधानसभा क्षेत्र में 4 बसें चलाईं, जिससे कॉलेज जाने वाली छात्राओं की संख्या 30 से बढ़कर 80 फीसदी हो गई।

**दवा दुकानें-बंद**

ऑनलाइन दवा बिक्री के विरोध में कल प्रदेश भर में दवा दुकानें बंद रहेंगी। भोपाल के सैंकड़ों मेडिकल स्टोर इस हड़ताल में शामिल हो रहे हैं। केमिस्ट एसोसिएशन का कहना है कि ऑनलाइन दवाओं की गुणवत्ता पर निगरानी नहीं है, जिससे नकली और

एक्सपायरी दवाएं मरीजों तक पहुंचने का खतरा है। हालांकि अस्पतालों के अंदर के मेडिकल स्टोर खुले रहेंगे।

**निधन-शोक**

उत्तराखंड के पूर्व मुख्यमंत्री मेजर जनरल भुवन चंद्र खंडूरी के निधन पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गहरा दुख जताया। राष्ट्रपति ने कहा कि सेना में सेवा के बाद खंडूरी ने ईमानदार और पारदर्शी राजनीति का आदर्श स्थापित किया। वहीं प्रधानमंत्री ने कहा कि सेना से लेकर राजनीति तक खंडूरी का योगदान अमूल्य रहा।

**कृषि समिति का दौरा**

मध्य प्रदेश विधानसभा की कृषि विकास समिति ने आज भोपाल स्थित भारतीय मृदा विज्ञान संस्थान का दौरा किया। यहां संस्थान के निदेशक मनोरंजन मोहंती और कृषि वैज्ञानिकों ने समिति को पराली जलाने से मिट्टी और पर्यावरण को होने वाले नुकसान की विस्तार से जानकारी दी। इस कार्यक्रम में 11 सदस्यीय समिति दल के साथ बड़ी संख्या में वैज्ञानिक और कर्मचारी मौजूद रहे।

**स्वेच्छानुदान**

प्रदेश सरकार ने राज्य मंत्रियों के स्वेच्छानुदान की राशि बढ़ा दी है। पहले यह सीमा 16 हजार रुपये थी, जिसे अब बढ़ाकर 25 हजार रुपये कर दिया गया है। यानी राज्य मंत्री किसी जरूरतमंद को एक साल में एक मामले में अधिकतम 25 हजार रुपये तक की मदद दे सकेंगे।

**वृद्धाश्रम-निगरानी**

प्रदेश सरकार ने दिव्यांगजन और सामाजिक न्याय विभाग की 252 संस्थाओं की निगरानी के लिए क्वालिटी ऑडिट मोबाइल ऐप लागू किया है। इसके जरिए वृद्धाश्रम, दिव्यांग पुनर्वास केंद्र, विशेष विद्यालय और नशा मुक्ति केंद्रों का डिजिटल निरीक्षण किया जाएगा। निरीक्षण के दौरान अधिकारी मौके पर फोटो खींचकर रिपोर्ट दर्ज करेंगे और संस्था को ग्रेडिंग दी जाएगी।

**आंगनवाड़ी-प्राइमरी स्कूल**

छोटे बच्चों की स्कूल से झिझक खत्म करने के लिए केंद्र और राज्य सरकार ने आंगनवाड़ी केंद्रों को प्राथमिक विद्यालयों के साथ एक ही परिसर में लाने का फैसला किया है। इस को-लोकेशन मॉडल से बच्चों का आंगनवाड़ी से पहली कक्षा में जाना आसान और सहज हो जाएगा।

**मौसम**

प्रदेश में इस समय भीषण गर्मी पड़ रही है। खजुराहो में आज पारा 46.4 डिग्री तक पहुंच गया, जबकि भोपाल और इंदौर में दोपहर को सड़कें सूनी नजर आईं। प्रदेश के 22 शहरों में तापमान 44 डिग्री के पार दर्ज किया गया है। मौसम विभाग ने अगले तीन दिन में पारा 2 से 3 डिग्री और बढ़ने की चेतावनी दी है।

**संक्षिप्त समाचार**

- मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना के तहत आज दमोह रेलवे स्टेशन से श्रद्धालुओं को लेकर विशेष एसी ट्रेन मां वैष्णो देवी के लिए रवाना हुई। पर्यटन एवं संस्कृति राज्यमंत्री धर्मेंद्र सिंह लोधी ने ट्रेन को विदा किया।
- झाबुआ,अशोकनगर,सीहोर और खण्डवा में आयोजित जनसुनवाई कार्यक्रम में कलेक्टर ने नागरिकों की समस्याएं सुनीं। और नागरिकों की समस्याओं के निराकरण करने के निर्देश दिये है।
- कटनी में जनजातीय समुदायों को शासकीय योजनाओं का शत-प्रतिशत लाभ दिलाने के उद्देश्य से जनभागीदारी अभियान की शुरुआत हो गई है।
- आगरमालवा में कल हुई टीएल बैठक में जिला पंचायत सीईओ ने जिले में गठित की जाने वाली विभागीय समितियों का शीघ्र गठन कराने के निर्देश दिए।
- नीमच शासकीय आई.टी.आई. में कल युवा संगम रोजगार मेला आयोजित किया जाएगा।
- शिवपुरी जिले में परिवहन विभाग द्वारा मक्सी-दाहोद में हुई बस दुर्घटना के बाद यात्री बसों की सघन जांच की जा रही है।
- बैतूल जिले के प्रभारी मंत्री नरेन्द्र शिवाजी पटेल ने आज कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित जनसुनवाई में आमजन की समस्याएं सुनीं ।
- नर्मदापुरम जिले में “जन भागीदारी सबसे दूर, सबसे पहले” आईईसी अभियान चलाया जाएगा।
- राजगढ़ कलेक्टर की अध्यक्षता में आज कलेक्ट्रेट सभागार में जिला उपार्जन समिति की बैठक आयोजित की गई।

..........................................